तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 20 अप्रैल 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

11 शिक्षिका भारती ने लोगों को मतदान करने किया प्रेरित



11 ऑटोमोबाइल इंटर्नशिप प्रमाणपत्र का छात्र-छात्राओं को किया वितरण



## खबर संक्षेप

### छेड़खानी, युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नाबालिग से छेड़छाड़ किए जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी गोलू निवासी बरपारा सुभाष नगर निवासी ने करीब रात 8 बजे काली मंदिर के पास प्रार्थिया के साथ छेड़खानी की। रिपोर्ट पर आरोपी युवक के खिलाफ धारा 294, 354 भादवि, 08 पॉक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### घर घुस युवक से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** शहर के सुभाष नगर में सुभाष नगर में एक युवक के साथ उसके घर घुसकर कुछ लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी सूरज निषाद पिता महेश निषाद (24) वार्ड नं. 22 सुभाष नगर के रहने वाले के साथ लड़की छेड़ने की बात को लेकर आरोपी जितेंद्र, हितेश सोनी, जतिन निवासी स्वीपर कॉलोनी ने गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट की। मामले में पुलिस ने 294, 323, 452, 34 के तहत आरोपियों के खिलाफर अपराध कायम किया है।

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** बसना थाना के ग्राम धामनघुटपुरी में एक महिला से मारपीट करने का मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थिया अंजना प्रधान पति गणेश प्रधान (55) के साथ गणेश प्रधान, देवराज प्रधान, सुलोचना प्रधान ने गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

### युवक से अवैध महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान घर के सामने ग्राम अंसुला से योगेश चौहान पिता हेमलाल चौहान (30) को अवैध रूप से 3000 एमएल महुआ शराब कीमती 600 रुपए को बिक्री करते पकड़ा है। पुलिस ने शराब बरामदगी पर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) क आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर कार्रवाई की है।

### बाइक को सामने से ठोंका, युवक की मौत

**महासमुंद।** डिवाइडर पार करने के लिए रांग साइड में चल रही बाइक को अज्ञात वाहन द्वारा सामने से टक्कर मारने के कारण एक युवक की मौके पर मौत हो गई। नरेंद्र साहू पिता सेवकराम 35 वर्ष निवासी ग्राम पथर्री थाना पटेवा किसी काम से ग्राम बड़गांव गया था। शुक्रवार दोपहर को वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 पी 5327 में सवार होकर वहां से अपने गांव आ रहा था कि मुड़ीपार के कुछ आगे अज्ञात वाहन द्वारा सामने से टक्कर मार दिया, जिससे उसके सिर और पैर पर गहरी चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# कलेक्टर के अनुरोध, 'मतदान बर परिवार अऊ गांव के सब मतदाता ल लाना है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव

कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने ग्राम पवनी के मतदान साक्षरता रैली कार्यक्रम के दौरान पलायन किए जिले के नागरिकों को मतदान करने के लिए फोन करके बुलाने के अभियान की शुरुआत ग्राम सलीहा के उत्तम सिंह से बात कर किया। कलेक्टर श्री साहू ने अपने परिवार सहित गांव के अन्य नागरिकों को मतदान के दिन लाने के लिए उत्तम सिंह से अनुरोध किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने पंचायत और बिहान समूह के महिला सदस्यों के माध्यम से जिले के 15 हजार पलायन किए लोगों को वीडियो कॉल करके मतदान करने के लिए बुलाया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। गौर करने वाली बात यह है कि अधिकांश पलायन किए किसान परिवार से होते हैं। वे अपनी खरीफ के नवम्बर दिसम्बर में फसल कटाई के बाद जाते हैं और चार माह काम करके फिर फसल बुवाई के समय लौटते हैं। इस बार मानसून के एक माह पहले 7 मई को लोकतंत्र के पर्व, देश के गर्व में शामिल होने के लिए, उनके लौटने का अनुरोध जिला कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने किया है ताकि शत प्रतिशत मतदान संपन्न हो।

### पलायन करने वालों से कर रहे वीडियो काल करके बात



#### उत्तम सिंह से फोन पर मतदान के लिए आने कहा

कलेक्टर ने उत्तम सिंह से फोन पर छत्तीसगढ़ी में बात किया। उन्होंने कहा कि अऊ का हालचाल, सब बड़े बने और कहां हो आजकल, उत्तम सिंह ने कहा, अभी काम करे आए हन सर। फिर आगे कहा कि, आप ल निमंत्रण है यहां, लोकसभा के चुनाव होना है 7 मई के, अऊ जरूर आना है, उत्तम सिंह ने कहा, निमंत्रण मिले हे सर। कलेक्टर ने कहा, और ये देखना है कि बिना लालच के बिना भय के हम ला वोट डालना है ताकि सही व्यक्ति चुन के आए। मोर अनुरोध अऊ है कि, अपन घर में मतदाता 18 साल से ऊपर मतदाता है ओमन ल भी वोट डालना है। अऊ गांव के मतदाता हो ही ओ सब मन ल लाना है।

### चुनाव : मोदी की गारंटी अपने आप में गारंटियों की गारंटी: शर्मा

# बृजमोहन ने सिमगा व ग्रामीण मंडल में किया रोड शो व जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा



भारतीय जनता पार्टी रायपुर लोकसभा के उम्मीदवार एवं वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कल गुरुवार को भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सिमगा मंडल और ग्रामीण मंडल में रोड शो एवं जनसंपर्क किया। जनसंपर्क अभियान की शुरुआत सिमगा नगर से हुई, जिसके बाद काफिला बनसांकरा, चौरेंगा, दामाखेड़ा, तुलसी, चक्रवाय, तोरा, दरचुरा, लिमतरा, कोलिहा,रोहरा होते हुए देवरी एवं दतरेंगी पहुंचा कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस दौरान बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संबोधन में लोगो से कहा कि छत्तीसगढ़ के निर्माण का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को जाता है जिनके शासनकाल में राज्य की स्थापना हुई थी और भाजपा शासन काल के दौरान प्रदेश का तेजी से विकास हुआ है। श्री अग्रवाल ने सभी को नवरात्रि और रामनवमी की बधाई देते हुए कहा कि माता लक्ष्मी को कमल का फूल पसंद है जो सुख और समृद्धि का प्रतीक है और भाजपा का निशान भी कमल का फूल है। इसीलिए भाजपा की सरकार समृद्ध छत्तीसगढ़ और समृद्ध राष्ट्र की परिकल्पना को लेकर काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ के गरीब युवा किसान और महिलाएं सभी के हितों का ध्यान रखकर काम किया जा रहा है। आगे भी ऐसे ही काम होता रहे उसके लिए हमको एक बार फिर से रायपुर, छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में कमल का फूल खिलाना है और मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने रायपुर लोकसभा में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए जनता से अपील की।

कार्यक्रम को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि हम सपना नहीं हकीकत बुनते हैं तभी तो सब मोदी को चुनते हैं। यह कोई नारा नहीं है ▶▶ शेष पेज 11 पर

# महिलाओं को मिलेगा एक लाख सालाना, बेरोजगारों को रोजगार: डहरिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लवन

जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया का जन आशीर्वाद यात्रा लवन क्षेत्र के ग्राम कोहरौद, अहिल्दा ,सरखोर, कोयदा एवं मरदा में 19 अप्रैल को पहुंची। जन आशीर्वाद कार्यक्रम में डॉ. डहरिया ने कहा की नारी न्याय योजना के तहत प्रत्येक महिलाओं को सालाना 1 लाख दिया जाएगा बेरोजगारों के लिए रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा। मनरेगा मजदूरी की राशि 243 रुपए से बढ़कर 400 रुपए दिया जाएगा। लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत लगभग साढ़े तीन हजार ग्राम है। चुनाव के समय में सभी ग्रामों तक प्रत्याशी को पहुंच पाना संभव नहीं है, इसीलिए प्रत्येक ग्राम जोन सेक्टर के कांग्रेस कार्यकर्ता कमर कस कर तैयार रहे। कांग्रेस के प्रचार प्रसार में जुट जाएं डॉक्टर डहरिया ने लवन क्षेत्र के ग्रामों में नुक्कड़ सभा आयोजित कर कहा कि कांग्रेस किसान मजदूर एवं व्यापारियों के लिए अनेक योजनाएं बनाई है। आठ विधानसभा के आठ में कांग्रेस के विधायक है गाड़ी के एक पहिया विधायक है तो दूसरा पहिया सांसद हैं पहिए की दोनों बराबर होने पर विकास की रफ्तार में तेजी आएगी। जनआशीर्वाद कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक संदीप साहू प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव परमेश्वर यदु रामेश्वर पांडे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुरदयाल यादव रामशंकर साहू सतीश पांडे देवीलाल बार्वे पद्मेश्वरी साहू, धर्मेंद्र खूंटे अखिलेश जोशी ,अमर मिश्रा नरेंद्र वर्मा ,मृत्युंजय वर्मा ,वीरेंद्र बहादुरकुर्रे ,बसंत ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ मनरेगा मजदूरों को मिलेगी 400 रुपए मजदूरी

# नई जज सविता का अधिवक्ताओं ने परिसर में किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोपालपुर



अभिभाषक संघ भटगांव द्वारा भटगांव न्यायालय की नई व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–2 श्रीमती सविता ठाकुरजी के आगमन पर व्यवहार न्यायालय परिसर भटगांव में अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन स्टाप के द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

स्वागत समारोह कार्यक्रम का संचालन अभिभाषक संघ भटगांव के पूर्व अध्यक्ष रामसाय सिंह बघेल ने किया। इस अवसर पर न्यायालय के अधिवक्ताओं ने न्यायाधीश को पुष्पगुच्छ से भेंट कर अपना–अपना परिचय दिए। ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ समारोह का किया गया आयोजन

# रामनवमीं पर भगवान श्रीराम की निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव

नगर में रामनवमी को लेकर भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ब्राह्मण पारा राम मंदिर से गाजे बाजे के साथ सैकड़ों की संख्या में माता, बहनें, युवाओं के साथ नगरवासी निकले। शोभायात्रा में सबसे पहले कीर्तन मंडली फिर राउत नाचा उसके बाद डीजे धुमाल में राम भक्ति के गानों पर युवा वर्ग नाचते रहे। जय जय श्री राम के नारे लगाते रहे। शोभा यात्रा राम मंदिर से निकलकर शीतला चौक मुख्य मार्ग होते हुए बस स्टैंड पहुंची। बस स्टैंड में व्यापारी बंधुओं द्वारा पूजा कर यात्रा में शामिल हुए। इसके बाद देवांगन मोहल्ला होते हुए साई मंदिर यात्रा पहुंचीं। वहां से पुरानी हटरी होते ▶▶ शेष पेज 11 पर



#### लोगों ने घरों से निकलकर की पूजा- अर्चना

भगवान राम की भव्य व आकर्षण मूर्ति के दर्शन के लिए लोग अपने–अपने घरों से बाहर निकलकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद ले रहे थे। नगर में गुरुवार को लगा कि मानों यहां दिवाली मनाई जा रही है। हर घर के सामने रंगोली डालकर दीप जलाया गया था। शोभायात्रा में आकर्षक झांकी जिसमें भगवान राम, माता सीता, भाई लक्ष्मण, वीर हनुमान रथ पर सवार थे ।

# रायपुर एवं जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र के लिए पुलिस आब्जर्वर होंगे विपिन आहिरे

**बलौदाबाजार।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में आचार संहिता लागू होने के पश्चात निष्पक्ष निर्वाचन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के लोकसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग पुलिस आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। जिसके अनुसार लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 03 जांजगीर चांपा एवं क्रमांक 08 रायपुर के लिए आईपीएस पुलिस महानिरीक्षक विपीन आहिरे को पुलिस आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। जिनका मोबाईल नंबर 76470- 46304 है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा क्षेत्र के लिए निर्वाचन से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए दिये गये मोबाईल नंबर पर कान्टेक्ट कर सकते है, कोई भी व्यक्ति पुलिस आब्जर्वर से सीधे सम्पर्क कर सकता है। कोई भी चुनाव संबंधी सुझाव दे सकता है साथ ही किसी भी प्रकार के शिकायत कर सकता है।

### कांग्रेस पार्टी डूबता हुआ जहाज, हार के डर से अनर्गल बयानबाजी: बृजमोहन

# लोकसभा चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी ऐतिहासिक मतों से होंगे विजयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

गोविंद सारंग परिसर भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के उपस्थिति में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 400 से अधिक सीटें हासिल कर पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में भी चुनाव प्रचार प्रसार के लिए मतदाताओं के बीच पहुंच रहे हैं, वहां के 80 प्रतिशत लोगों में मोदी सरकार द्वारा चलाए गए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से मिलने वाले अनेक लाभ से सकारात्मक रुझान देखने को मिल रहा है।

पत्रवार्ता में श्री अग्रवाल ने मोदी की गारंटी योजना के अनेक लाभों को गिनाया, जिसमें मुख्य रुप से धारा 370 का हटना, आयोध्या मे रामलला की प्राणप्रतिष्ठा, महतारी वंदन योजना, ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ मोदी सरकार की योजनाओं के कारण सकारात्मक रूझान



#### कांग्रेसी राजनीतिक गरिमा की मर्यादा लांघ रहे

श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेसी हार के डर से अनर्गल बयानबाजी पर उतर आएं है जो राजनीतिक गरिमा की मर्यादा को लांघती है। इससे जनता में बहुत रोष है। वर्तमान राजनीतिक परिवेश में कांग्रेस एक डूबता जहाज दिखाई दे रहा है, जिस वजह से वहां भगदड़ मची हुई है। इसी कारण उसी जहाज में बैठे लोग कांग्रेस पार्टी को छोड़ सीधे भाजपा में प्रवेश कर रहे हैं क्योंकि 500 वर्षों के बाद रामलाल पूरी भव्यता के साथ अयोध्या में अपने निवास स्थल पर विराजमान हो पाए। इससे संपूर्ण भारत प्रत्यक्ष रूप से जुड़ गया है।

#### भाटापारा में हुए सारे विकास कार्य भाजपा की देन: शर्मा

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा में जितने भी ऐतिहासिक जनकल्याणकारी कार्य हुए हैं, वह सभी भाजपा की सरकार में ही हुए हैं। इनमें भाटापारा शाखा नहर, प्रदेश का प्रथम विधि महाविद्यालय, सत्र न्यायालय निर्माण, बायपास रोड निर्माण, ओवरब्रिज व अन्डर ब्रीज निर्माण, निर्माणाधीन कार्टिकल हास्पिटल, आटोरियम, कृषि महाविद्यालय आदि अनेक जनकल्याणकारी कार्य शामिल हैं। आने वाले समय में डबल इंजन की सरकार होने पर केन्द्र व राज्य स्तर पर भाटापारा व रायपुर लोकसभा क्षेत्रांतर्गत विकास कराया जाना निर्धारित है। साथ ही भाटापारा में लम्बे समय से लम्बित प्रमुख एक्सप्रेस सुपरफास्ट यात्री ट्रेनों के स्टापेज के लिए पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के दृष्टिकोण से हमें डबल इंजन की सरकार बैठाने के लिए भाजपा के रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को ऐतिहासिक मतों से विजय बनाने हेतु पार्टी के सभी कार्यकर्ता दृढसंकल्पित हैं।

# कांग्रेस प्रत्याशी उपाध्याय आज भी करेंगे जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



रायपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय 20 अप्रैल को बलौदा बाजार विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न गांवों में जनसंपर्क करेंगे प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी श्री उपाध्याय ने 19 अप्रैल को रात बलौदा बाजार नगर के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क कर रात्रि विश्राम किया। 20 अप्रैल को सुबह 6 बजे लटुवा में मनरेगा श्रमिकों से मुलाकात पश्चात झोका, शुक्लाभाटा, भरसेला, करमदा, पौसरी, रवान ,अर्जुनी, कुकुरदी, सेमराडीह , पौसरी, भरुवाडीह , खम्हारिया, चांपा, ठेलकी, रिसदा, दशरमा तथा, पुरैना खपरी में आमजनों से मुलाकात कर कांग्रेस को सहयोग करने की अपील करेंगे। उक्त जनसंपर्क के दौरान विकास उपाध्याय के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी ,कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

जलने के बाद
पुन :निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)



कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### पीडीएस व्यवस्था ध्वस्त, चावल के लिए भटक रहे उपभोक्ता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही राजधानी में पीडीएस व्यवस्था के ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव से पूर्व सरकार में दो महीने का राशन एक साथ देने की घोषणा कर वाहवाही लूटने का प्रयास किया, किंतु राशन दुकानों को दो माह का राशन उपलब्ध नहीं कराया गया है। अप्रैल माह का राशन ही अभी तक अधिकतर दुकानों में नहीं पहुंचा है और उपभोक्ता दो माह का राशन लेने के लिए राशन दुकानों में पहुंच रहे हैं। राशन दुकानदार उपभोक्ताओं को जवाब नहीं दे पा रहे हैं, लगातार बढ़ती भीड़ के कारण कई राशन दुकानें दो-दो दिनों तक बंद हो रही हैं। राशन दुकानदार उपभोक्ताओं को राशन उपलब्ध कराने के लिए भंडारण केंद्रों के चक्कर लगा रहे हैं। राशन दुकान से ज्यादा भीड़ भंडारण केद्रों में हो रही है। सरकार व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह विफल हुई है। राशन के अभाव में उपभोक्ता और राशन दुकानदार दोनों परेशान हो रहे हैं।

### निशुल्क कैंसर जांच शिविर 28 को

**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर के साथ मिलकर महाराष्ट्र मंडल द्वारा एक दिवसीय 28 अप्रैल को निशुल्क कैंसर जांच व परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर चौबे कालोनी स्थित मंडल भवन में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। शिविर में पूरे शरीर की जांच करा सकते हैं और विशेषज्ञों से परामर्श लेकर इलाज सही समय पर शुरू कर सकते हैं। बालको मेडिकल सेंटर के विजेंद्र साहू के अनुसार बालको मेडिकल सेंटर की कैंसर सर्जन डॉ. नुपूर मिश्रा शिविर में उपस्थित होकर कैंसर से संबंधित निशुल्क परामर्श देंगी। शिविर में मेमोग्राफी की जांच होगी, जिसमें स्तन कैंसर का जीरो स्टेज में पता लगाया जाता है। वहीं पेरस्मीयर में बच्चेदानी के मुंह में कैंसर की जांच की जाएगी। ब्रश साइटोलॉजी में मुंह के कैंसर की जांच होगी। वहीं एफएनएसी के जरिए शरीर के किसी भी अंग में गांठ का सुई की जांच से पता लगाया जा सकेगा। शिविर में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी।

### ट्रक की चपेट में आने से फैक्ट्री कर्मी की मौत

**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से फैक्ट्री कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक किशनलाल वर्मा की ट्रक की चपेट में आने से मौत हुई है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को किशन अपनी बाइक से कपसदा स्थित कंपनी में नाइट ड्यूटी करने जा रहा था। इसी दौरान तिवरैया तालाब के पास तेज रफ्तार ट्रक सीजी 04 एलबी 1642 के चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए किशन की बाइक को ठोकर मार दी। इस दौरान किशन ट्रक के पहियों के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### पैसे नहीं देने पर अज्ञात बदमाश ने किया हमला

**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाने में एक युवक ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पैसों के विवाद पर जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक पोखन लाल यादव ने अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। पोखन ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात पंडरी स्थित शराब दुकान के पास एक अज्ञात लड़का उसके पास पहुंचा और पैसों की लेन-देन को लेकर विवाद करते हुए अपने कमरे के पास से चाकू निकालकर उसके पेट में गंभीर रूप से वार कर दिया।

### बाइक मांगने पर विवाद ऑटो चालक से मारपीट

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक ऑटो चालक ने दो लड़कों तथा उनके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक सैयद नियाज ने छोटू, सैफुल्ला तथा उनके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नियाज ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी मां के लिए दवा लेने जाने छोटू से बाइक मांगी। इस पर छोटू ने नियाज को बाइक देने से इनकार करने के साथ ही गाली-गलौज की।

# भूजल संरक्षण के लिए चार जगह बनाएंगे एक्यूफर जोन, निगम तैयार कराएगा पॉयलट प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राजधानी में भूजल संकट से निबटने अब वर्षा जल को संरक्षित करने छोटे-छोटे एक्यूफर जोन विकसित किए जाएंगे। शुरुआत में 4 जगहों को इसके लिए चिन्हांकित किया गया है। भाठागांव के चिंगरीनाला, देवेंद्र नगर क्षेत्र के नारायणा हास्पिटल के पीछे वाला नाला, सड्डू के सोकरानाला सहित चंदनीडीह में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के पास इस तरह के जोन बनाए जाएंगे। 250 से 300 वर्गफीट तक के डबरीनुमा एक्यूफर जोन के लिये बड़े पैमाने पर काम शुरू होंगे। इसके लिये रायपुर नगर निगम पॉयलट प्रोजेक्ट तैयार करेगा। दरअसल, शहर के आउटर वार्ड स्थित मोवा, साइंस सिटी के पास सड्डू तालाब, जीरो पाइंट, विधानसभा चौक, सेमरिया ऐसे क्षेत्र हैं, जहां का भूजल स्तर 700-800 वर्गफीट नीचे तक चला गया है। वहीं डीपीएस स्कूल के सामने 900 से 1000 वर्गफीट तक भूजल की स्थिति बनी है। भूजल वैज्ञानिक विपिन दुबे का कहना है, सड्डू के सोकरानाला क्षेत्र में 700 से 800 वर्गफीट गहराई तक भूजल चला गया है। इसलिए ऐसे जगहों को चिन्हांकित वाटर रीचार्ज के लिए एक्यूफर जोन बनाने का प्लान है। शहर के अंडरग्राउंड वाटर सिस्टम को सुधारने केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा रायपुर शहर का सर्वे कराया जा रहा है।

## केंद्रीय भूजल बोर्ड राजधानी की भूजल स्थिति सुधारने करा रहा सर्वे

### क्या है एक्यूफर जोन

एक्वी का आशय है पानी, फर यानी जमीन के अंदर ऐसे चट्टानी पत्थर, जिसमें पानी को भूगर्भ में समाहित करने की क्षमता हो। इस तरह के जोन को एक्यूफर जोन कहा गया है। इन जगहों पर स्ट्रक्चर बनाने से वाटर रीचार्जिंग का फायदा निश्चित रूप से मिलता है। केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा देश के प्रत्येक राज्यों में इस तरह का सर्वे समय-समय पर कराया जाता है, ताकि यह पता चल सके कि कौन-से इलाके में जल को समाहित करने वाले चट्टानी पत्थर जमीन के अंदर मौजूद है। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर सहित आसपास के इलाके में पिछले 7 माह से सर्वे चल रहा है। इसकी रिपोर्ट मई माह में आएगी।

### वाटर हार्वेस्टिंग का डेमो

आम जनता को वर्षा जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने और इसके विभिन्न तरीकों से अवगत कराने शहर के पंजीकृत भूजल विशेषज्ञ डेमो देंगे। इसके लिए उन्होंने नगर निगम से शहर के किसी एक सामुदायिक भवन उपलब्ध कराने की मांग निगम आयुक्त से की है। भवन उपलब्ध होते ही भूजल विशेषज्ञ वाटर रीचार्जिंग की अलग-अलग प्रक्रिया की खासियत और उसे स्थल पर विकसित करने की तकनीक से अवगत कराएंगे, ताकि शहरवासी इसे देखकर समझ सकें कि अपने घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठान में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का का कौन-सा तरीका अपनाना बेहतर होगा।

### निगम के साथ बनाई संयुक्त टीम

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के मुताबिक पानी रीचार्ज के लिए एक्यूफर जोन के प्रोजेक्ट को धरातल पर लाने एक संयुक्त टीम बनाई गई है, जिसमें नगर निगम, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का भूजल विभाग, एनआईटी का जियोलॉजी विभाग, सिविल विभाग के साथ ही नगर निगम से पंजीकृत भूजल वैज्ञानिक शामिल हैं। इनका संयुक्त रूप से काम जल्द शुरू होगा। इसके लिए सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड की सर्वे रिपोर्ट का इंतजार है।

### 66 हजार लेकर आरडीए समय पर नहीं करवा रहा बिल्डिंग का मेंटेनेंस

# 6 महीने में बदली आरडीए फ्लैट की सूरत गंदगी, सीपेज और चोरी से रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कमल विहार सेक्टर 4 में आरडीए के एलआईजी फ्लैट पर 6 महीने में ही सीपेज की समस्या शुरू हो गई है। सपनों के आशियाने में जगह-जगह से पानी भरने लगा है। स्मार्ट सिटी आरएडीए के प्रोजेक्ट 2018 में लोगों ने 2 बीएचके बुक कराया था। काम पूरा होने के बाद नंबवर से लोगों ने रहना शुरू किया, लेकिन चंद महीनों में ही फ्लैट में पानी, बिजली, गंदगी, सीपेज और चोरी की शिकायत से लोग परेशान हो चुके हैं। लोगों की परेशानी से आरडीए के जिम्मेदार भी अवगत हैं, लेकिन समाधान के नाम पर तीन महीने से लोगों को केवल आश्वासन ही मिल रहा है। हरिभूमि की टीम फ्लैट का जायजा लेने कमल विहार सेक्टर चार पहुंची। फ्लैट के चारों ओर गंदगी का अंबार नजर आया, जिसकी दुर्गंध कमरे और सड़कों तक आ रही थी। बातचीत में लोगों ने बताया कि आरडीए ने बिल्डिंग मेंटेनेंस के नाम पर वन टाइम 66 हजार लिया है। हर महीने दर्जन से अधिक बार शिकायत करने के बाद भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया है। घर बुकिंग के दौरान साफ-सफाई और बिल्डिंग मेंटेनेंस को लेकर जो दावा आरडीए ने किया था, हकीकत में सभी फेल हो चुके हैं।







### लाइट की सुविधा नहीं

रात में बिल्डिंग परिसर और सड़क में लाइट नहीं होने से पूरा इलाका काफी सुनसान हो जाता है। लोगों ने बताया, बिल्डिंग के पीछे चोरों की बस्ती है। ए ब्लॉक के चौथे फ्लोर में दो बार चोरी हो चुकी है। आरडीए ने लाइट की व्यवस्था नहीं की है। बिल्डिंग आने और जाने वाले लोगों को रोजाना दिक्कत हो रही है।



### लिफ्ट खराब बुजुर्गों को दिक्कत

6 महीने में फ्लैट की सूरत बदल गई है। लोगों की सुविधाएं उपयोग से पहले ही खराब होने लगी हैं। फ्लैट में लगी लिफ्ट दो महीने से बंद बताई जा रही है। ग्राउंड फ्लोर से चौथे व पांचवे माले में जाने के लिए लोगों को सीढ़ी से चढ़कर जाना पड़ रहा है। फ्लैट में रहने वाले बुजुर्गों ने घर से बाहर निकलना ही बंद कर दिया है। शिकायत के बाद भी आरडीए ने इसका मेंटेनेंस नहीं कराया है।

### बिल्डिंग में नहीं हो रही पानी निकासी

एलआईजी बिल्डिंग में पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। बीते दिनों हुई बारिश का पानी अभी भी बिल्डिंग के नीचे जमा हुआ है। बारिश से पहले इसे ठीक नहीं किया, तो लोगों की परेशानी और भी बढ़ सकती है। बिल्डिंग के पीछे बस्ती के नाले का गंदा पानी भी सीधे बिल्डिंग में पहुंच रहा है, जिसके कारण यहां रहने वालों का बदबू से हाल बेहाल है। 6 महीने में सेप्टिक का पाइप जाम हो चुका, तो कहीं फट गया है। मल और गदंगी पाइप से बाहर निकल रही है। ऐसी स्थित बिल्डिंग के चारों ओर है।

# सप्ताह में 3 दिन हटाएंगे सड़क से अतिक्रमण, ग्रीन नेट नहीं लगाने पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम अमला अब सप्ताह में 3 दिन सड़क पर अतिक्रमण कर लगाये गये ठेले, गुमटियों और कंडम वाहन हटाने की कार्रवाई करेगा। यहीं नहीं, मलबा सड़क पर डंप करने और निर्माण के दौरान ग्रीन नेट नहीं लगाने वालों पर कड़ाई बरती जायेगी। इसके लिये जोनवार सूची बनाई गई है।

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित किया है कि सप्ताह में 3 दिन वे सड़क यातायात बाधित वालों पर कार्रवाई करें और इसकी रिपोर्ट प्रति सप्ताह निगम मुख्यालय को दें। सड़क पर रखे कंडम वाहन, अतिक्रमण कर ठेले-गुमटी लगाने, मलबा बिखेरने और ग्रीन नेट नहीं लगाने वालों पर इसी तरह की कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। नगर निवेशक निशिकांत वर्मा ने बताया कि निगम कमिश्नर के निर्देश पर कार्रवाई करने के लिए जोनवार सूची बनाई गई है। कौन सा जोन सप्ताह के किन 3 दिनों में कार्रवाई करेगा, इसका भी प्रारूप बनाया गया है। ये कार्रवाई सोमवार से शुक्रवार तक सप्ताह में 5 दिन की जाएगी। निर्माणाधिन




### जोनवार बनाई सूची
### मुख्यालय को देनी होगी रिपोर्ट

मकानों में ग्रीन नेट नहीं लगाने पर जुर्माना लगाकर वहां ग्रीन नेट भी लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

सड़क पर कंडम पड़े वाहनों को जप्त करने के लिए कहा गया है। साथ ही सड़क पर अतिक्रमण कर ठेले गुमटियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जोन कमिश्नरों को ये भी निर्देश दिए गए हैं, कार्रवाई का दैनिक प्रतिवेदन मुख्यालय में प्रस्तुत किया जाए। इसकी साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी।

# बस्तर के कलाकार बना रहे बैम्बू कॉटेज, गर्मी से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर में आम लोगों को गर्मी से बचाने के लिए बैम्बू के नये कॉटेज बनाए जा रहे हैं। इन कॉटेज को बनाने के लिए बस्तर के कलाकारों की टीम पहुंची है, जो पिछले कई दिनों से कॉटेज बनाने में जुटी हुई है। इससे पहले पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी के कार्यकाल में कलेक्टोरेट परिसर में आधा दर्जन बैम्बू के कॉटेज बनाए गए थे, जो रखरखाव के अभाव में टूट-फुट चुके थे। इन कॉटेजों की भी मरम्मत कराई गई है।

हरिभूमि सरोकार

कलेक्टोरेट में हर दिन हजारों लोग पहुंचते हैं। इनमें कोई अपना काम लेकर, तो कोई समस्या व शिकायत लेकर पहुंचता है। परिसर में पंजीयन दफ्तर भी है, जहां हर रोज सैकड़ों लोग रजिस्ट्री कराने भी पहुंचते हैं, जिसके कारण रजिस्ट्री दफ्तर का हाल भी छोटा पड़ जाता है। इसके कारण बड़ी संख्या में लोगों को रजिस्ट्री के लिए अपनी बारी का इंतजार करने खुले आसमान के नीचे धूप में खड़े होना पड़ता था, तो कई लोगों को पेड़ों की छांव के नीचे खड़े होकर इंतजार करना पड़ता था। लोगों को होने वाली इस परेशानी से बचाने के लिए पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी के कार्यकाल में परिसर में आधा दर्जन बैम्बू कॉटेज बनाए गए थे। इन कॉटेजों के बनने के बाद लोगों को गर्मी से राहत के साथ धूप से भी राहत मिलने लगी है।



**एक कॉटेज में 400 बांस का उपयोग :** परिसर में एक रजिस्ट्री कार्यालय के सामने और दूसरा जिला पंचायत कार्यालय के सामने बैम्बू कॉटेज का निर्माण कराया जा रहा है। बस्तर के नारायणपुर जिले से आए कलाकारों की टीम के प्रमुख परमेश्वर नाग ने बताया कि पूरा कॉटेज बांस का बनाया जा रहा है। एक कॉटेज बनाने में करीब 4 सौ बांस लग रहे है। उन्होंने बताया कि बांस के कॉटेज गर्मी से काफी राहत देते हैं, इसलिए अब इसकी मांग ज्यादा है।

### गर्मी में देंगे राहत

कलेक्टोरेट पहुंचने वाले आम लोगों को गर्मी से राहत देने नये बैम्बू कॉटेज का निर्माण कराया जा रहा है। ये कॉटेज पहले से काफी बड़े हैं, जिससे ज्यादा लोग इसमें बैठ पाएंगे।

- गौरव सिंह, कलेक्टर रायपुर

### टूट फूट चुके कॉटेज सुधारे गए, दो नये बड़े कॉटेज का निर्माण

पुराने कॉटेज देखरेख के अभाव में टूट फूट गए थे। वर्तमान कलेक्टर गौरव सिंह ने अब इन कॉटेजों की सुध लेकर इन्हें ठीक कराया, बल्कि पुराने कॉटेज की तुलना में तीन से चार गुना बड़े दो नये कॉटेज का निर्माण भी करा रहे हैं, ताकि कलेक्टोरेट आने वाले आम आदमी को धूप में खड़ा होना न पड़े।

# घर की छत पर बिजली उत्पादन करने प्रदेश के उपभोक्ताओं की रुचि कम, अब तक 22 सौ आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूर्योदय पीएम योजना के तहत अपने घर की छत पर बिजली का उत्पादन करने के लिए प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं की रुचि बहुत कम है। इस योजना में अब तक अपने राज्य में महज 22 सौ आवेदन आए हैं। सबसे ज्यादा 310 आवेदन नक्सल प्रभावित सुकमा जिले से आए हैं, वहीं रायपुर जिले से 150 के आसपास आवेदन मिले हैं। इस योजना में देशभर के एक करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य है।

- सूर्योदय पीएम योजना में सोलर पैनल लगवाने वालों को मिलेगी 300 यूनिट बिजली मुफ्त

छत्तीसगढ़ से इस योजना में करीब 25 हजार उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने की छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने योजना बनाई है। इस योजना में जुड़ने वालों को हर माह 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी। इसी के साथ योजना में शामिल उपभोक्ताओं का बिजली बिल भी जीरो हो जाएगा। यहां पर घरों में सोलर पैनल लगाने का काम एनटीपीसी को दिया गया है। देश के साथ ही अपने प्रदेश में भी में बिजली की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले साल रिकॉर्डतोड़ खपत के बाद अपने राज्य में इस बार अप्रैल में ही बिजली की खपत बहुत बढ़ गई है। मानसून में भी उमस के कारण बिजली ने खपत का रिकॉर्ड पिछले साल तोड़ने का काम किया। आमतौर पर अपने देश में बिजली की जितनी खपत है, उसकी तुलना में उत्पादन उतना नहीं हो पाता है। आने वाले समय में खपत में लगातार इजाफा भी होगा। ऐसे में उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर की तरफ ले जाने की योजना बनाई गई है। इस योजना का बड़ा लाभ उपभोक्ताओं को होने के साथ वे बिजली बेच भी सकेंगे।



### केंद्र-राज्य से अनुदान

योजना के लिए अपने राज्य में एनटीपीसी को नोडल एजेंसी बनाया गया है। योजना में केंद्र और राज्य सरकार ने इसके लिए अनुदान भी तय किया है। इसमें केंद्र सरकार से जहां 1 से 2 किलोवाट के लिए 30 से 60 हजार और 3 किलोवॉट या इससे ज्यादा के लिए 78 हजार का अनुदान मिलेगा, वहीं राज्य सरकार से भी 15 से लेकर 45 हजार तक का अनुदान मिलेगा।

### सुकमा से ज्यादा आवेदन

योजना को लेकर प्रदेशभर से आवेदन मंगाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। अब तक 22 सौ आवेदन आ गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा सुकमा जिले से 310, दुर्ग से 220, रायगढ़ से 156, बिलासपुर से 140, जांजगीर-चांपा से 135 और रायपुर से 150 के करीब आवेदन आए हैं। साथ ही और कुछ जिलों से आवेदन आए हैं, लेकिन इनकी संख्या गिनती की है।

### प्रदेश में 25 हजार का लक्ष्य

अपने प्रदेश में 60 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हैं। इसमें से करीब 50 लाख घरेलू उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं में 47 लाख से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे हैं जिनकी खपत महज 300 यूनिट की होती है। घरेलू उपभोक्ताओं में से 25 हजार उपभोक्ताओं को इस योजना से जोड़ने की तैयारी है। इस योजना में सबसे ज्यादा सात हजार उपभोक्ता रायपुर, छह हजार उपभोक्ता दुर्ग-भिलाई, छह हजार उपभोक्ता बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ में तीन-तीन हजार उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने का लक्ष्य है।

# जू में रहने वाले वन्यजीवों को हीट स्ट्रोक डिहाइड्रेशन से बचाने की जा रही कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अप्रैल के शुरुआती दस दिनों में तापमान सामान्य होने के बाद गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। ऐसे में जंगल सफारी में रह रहे वन्यजीवों को हीट स्ट्रोक तथा डिहाइड्रेशन से बचाने सफारी प्रबंधन ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। सफारी के अलग-अलग बाड़ों में रह रहे वन्यजीवों को कूल रखने कूलर लगाने के साथ खुले बाड़ों को ग्रीन नेट से ढंकने का काम किया गया है। जंगल सफारी के डायरेक्टर धम्मशील गणवीर के



मुताबिक सफारी के वन्यजीवों को बचाने इस बार पूर्व से इंतजाम किए गए हैं। वन्यजीवों को हीट वेव तथा डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए 28 कूलर लगाए गए हैं। साथ ही सभी बाड़ों को ग्रीन नेट से ढंका गया है। इसके साथ ही ओपन सफारी के खुले में विचरण करने वाले हर्बिबोर प्रजाति के वन्यजीवों को गर्मी से राहत देने बांस तथा लकड़ी खड़े कर पत्तों और मिट्टी की मदद से छायादार कुटिया तैयार किया गया है, जहां खुले में विचरण तथा चरने के आने वाले हिरण, चीतल, नील गाय जैसे वन्यजीव को गर्मी से बचाने उपाय किए गए हैं। बाड़ा के अंदर रहने वाले वन्यजीवों को गर्मी में पीने की पानी की कमी न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए उन वन्यजीवों के बाड़ो में पानी के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं।

# तालाब और कुआं के पास अतिक्रमण हटाने चलेगा अभियान, दूषित जल के ट्रीटमेंट की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के पारंपरिक जल स्त्रोत तालाब और कुआं की सफाई के लिये नगर निगम जोनवार अभियान चलायेगा। कुआं और तालाब के आसपास अतिक्रमण होने की स्थिति में हटाने की कार्रवाई की जायेगी। 10 जोन के कमिश्नरों को निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने इस आशय के निर्देश दिये हैं। साथ ही वर्षा जल संरक्षण कार्य करने विशेषज्ञों की मदद ली जायेगी।

नगर निगम द्वारा वर्षा जल का संग्रहण करने तथा ग्राउंड वाटर रीचार्ज करने विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी। इसमें विभिन्न तकनीकी विशेषज्ञों के साथ कार्ययोजना बनाकर अलग-अलग जोन में कार्य कराये जायेंगे। इसके लिये निगम प्रशासन पर्यावरण संरक्षण बोर्ड और निगम के इंपेनल्ड भू जल विशेषज्ञों से विमर्श कर रहा है। नगर निगम के सभी 10 जोन में कमिश्नर के मार्गदर्शन में पारंपरिक जलस्त्रोतों की सुध ली जायेगी। साथ ही आवश्यकता अनुसार जीर्णोद्धार कराया जायेगा।

### ग्राउंड वाटर म्यूजियम का प्रस्ताव

रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए लोगों में जागरूकता लाने प्रत्येक जोन में ग्राउंड वाटर म्यूजिम बनाया जायेगा। इसके लिए निगम आयुक्त ने जोन कमिश्नरों को प्रस्ताव प्रस्तुत करने निर्देश दिये हैं। ये कार्य करीब 2 हजार वर्गफीट में निर्मित भवन में किया जाएगा, जहां पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के साथ ही ग्राउंड वाटर रिचार्ज सिस्टम भी लगाया जाएगा।

## खबर संक्षेप




### वॉकथॉन कर मतदाताओं को किया जागरूक

**रायपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डा. गौरव सिंह के निर्देश पर स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत वॉकथॉन का आयोजन किया गया। वॉकथॉन कलेक्टर परिसर से मानव श्रृंखला के रूप में प्रारंभ होकर आकाशवाणी चौक होते हुए सुभाष स्टेडियम पर जाकर संपन्न हुई। स्वीप के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने वाकथॉन में भाग लेने वालो को सुभाष स्टेडियम में मानव श्रृंखला की गोलाई में खड़े होकर मतदान रि शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रेहाना, शशि, मनीषा, गीता को दक्षिण विस की कमान

**रायपुर।** रायपुर सीट पर लोकसभा चुनाव के लिए अलग-अलग विधानसभाओं में भाजपा द्वारा प्रभारियों को जिम्मेदारी दी जा रही है। इसमें महिलाओं को भी बड़ा जिम्मा दिया जा रहा है। रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के लिए दक्षिण विधानसभा का जिम्मा अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश कार्यालय मंत्री रेहाना खान, प्रदेश कार्य समिति सदस्य शशि अग्रवाल, सहकारिता प्रकोष्ठ की सदस्य गीता ठाकुर और भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनीषा चंद्राकर को दिया गया है। भाजपा की इन महिला नेत्रियों ने अपना काम प्रारंभ कर दिया है। इनका कहना है, लोकसभा के प्रत्याशी के लिए महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित करना है।

### लोकसभा चुनाव के लिए पुलिस ऑब्जर्वर नियुक्त

**रायपुर।** रायपुर लोकसभा क्रमांक 8 के विधानसभा क्रमांक 45 बलौदाबाजार, विधानसभा क्रमांक 46 भाटापारा, विधानसभा क्रमांक 47 धरसीवा, विधानसभा क्रमांक 48 रायपुर ग्रामीण, विधानसभा क्रमांक 49 रायपुर शहर पश्चिम, विधानसभा क्रमांक 50 रायपुर शहर उत्तर, विधानसभा क्रमांक 51 रायपुर दक्षिण, विधानसभा क्रमांक 52 आरंग, विधानसभा क्रमांक 53 अभनपुर के लिए निर्वाचन आयोग ने बिपिन शंकर राव अहीरे (भापुसे 2006) गुजरात कैडर के पुलिस महानिरीक्षक को पुलिस आब्जर्वर नियुक्त किया है। श्री अहीरे उक्त आदेश के परिपालन में गुरुवार को रायपुर पहुंचे।

### अनिता बनीं ट्रेड यूनियन की राष्ट्रीय अध्यक्ष

**रायपुर।** भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष के पद पर अनिता कुमार को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बृजेश शर्मा की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मन्मथानाथ विश्वास ने की है। उनकी नियुक्ति पर यूनियन के सत्येंद्र प्रधान, खुशबू मिश्रा, प्रवीण डे, दीप शर्मा, सुषमा राय, मंजू साहू, मोनिषा कुमार, निशा कुमार, आशीष तांडी समेत पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### जहर सेवन करने से बुजुर्ग महिला की मौत

**महासमुंद।** बुजुर्ग के जहर सेवन करने से मौत के मामले में सरायपाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि मृतक मथुरा प्रधान पति गिरधारी प्रधान (60) ग्राम गोहीरापाली निवासी ने अज्ञात कारण से जहर का सेवन कर लिया जिसकी सूचना घर वालों को होने पर उसे शासकीय अस्पताल सरायपाली में भर्ती कराया गया।

### महिला ने म्यार में फांसी लगाकर की आत्महत्या

महासमुंद। बागबाहरा थाना क्षेत्र के वार्ड नं. 12 मंडीपारा के रहने वाली महिला ने अज्ञात कारणों से अपने घर के म्यार में फांसी लगाकर की आत्महत्या कर ली। मृतक गायत्री ओगरे पति संतु ओगरे (27) ने अपने घर के म्यार में फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

---

**आयोजन :** ग्राम पवनी में मतदाता हस्ताक्षर अभियान रैली में पहुंचे कलेक्टर

# मतदाता रखेंगे समृद्ध भारत की नींव, कलेक्टर ने समूहिक रूप से मतदान करने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पवनी के मतदाता हस्ताक्षर अभियान रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने मतदाता हस्ताक्षर अभियान रैली में शामिल लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करना जरूरी है।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू मुख्य अतिथि के रूप में बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पवनी के मतदाता हस्ताक्षर अभियान रैली कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर श्री साहू ने सभी उपस्थित नागरिकों को मतदान के लिए सामूहिक शपथ दिलाया। कलेक्टर श्री साहू ने अपने उद्बोधन की शुरुआत, विभिन्न गांव से आए दाई, दीदी ल जय जोहार से किया। आज के इस अभियान में मतदान आप सबकी एक भागीदारी है। मतदान बहुत ही महत्वपूर्ण है और ये मील का पत्थर है। हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहे हैं। समृद्ध भारत का नींव यहीं से रखी जाएगी। जैसे जैसे हम इस अभियान को आगे बढ़ाते जाएंगे, वैसे–वैसे मतदाता साथी यह समझने लगेंगे कि, हम सब मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करना जरूरी है। मताधिकार का प्रयोग करते समय हम यह भी देखें कि, बिना कोई लालच के, बिना कोई भय के, बिना कोई दबाव के, मताधिकार का प्रयोग करें।

कलेक्टर श्री साहू ने स्वीप रंगोली का अवलोकन किया। रंगोली में लिखा था, 7 मई सारंगढ़ बिलाईगढ़ सब्बो जाबो वोट देहे बार। इस अवसर में चार पांच घेरे बनाए महिला सदस्यों ने कलेक्टर के समक्ष सारंगढ़ बिलाईगढ़ सब्बो जाबो वोट देहे बारष नारा का उद्घोष किया। जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश साहू ने कार्यक्रम के मुख्य मतदाता हस्ताक्षर रैली अभियान में हस्ताक्षर किया। एक किलोमीटर रैली में शामिल ग्रामीण शहरी महिलाओं ने ग्राम पवनी में मतदाता जनजागरुकता का अभियान को सफल बनाया। इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, सीईओ जनपद पंचायत बिलाईगढ़ प्रतीक प्रधान, तहसीलदार बिलाईगढ़ कमलेश सिदार सहित स्थानीय पत्रकार एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## आकाश में गुब्बारे छोड़ जिला प्रशासन ने भेजा बुलावा, घर आबे संगी

**पवनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू शुक्रवार को जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पवनी के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर श्री साहू ने इस अवसर पर जिले से पलायन किया नागरिकों को कहा कि यह बुलावा के लिए प्रतीक के तौर पर तीन रंगों से भरा गुब्बारा उन तक आकाश के माध्यम से भेज रहे हैं।

इस गुब्बारे में लिखा हमारा संदेश स्पष्ट है कि 'घर आबे संगी'। घर बुलाने का जिला प्रशासन का अपील है कि वह अपने घर आकर 7 मई को मतदान करने अपने संबंधित मतदान केंद्र में जाए और लोकतंत्र के इस महान पर्व में अपनाया भागीदारी निभाएं।




कलेक्टर श्री साहू ने अपने उद्बोधन में सभी नागरिकों को कहा कि वह अपने साथ-साथ घर परिवार, आस-पड़ोस और अपने से जुड़े सभी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी, सीईओ बिलाईगढ़ प्रतीक प्रधान सहित स्थानीय पत्रकार एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## शिक्षिका भारती ने लोगों को मतदान करने किया प्रेरित

**सिमगा।** लोकसभा चुनाव में सभी मतदाताओं को शत- प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी बलौदाबाजार के द्वारा जिले के सभी नगरीय निकायों व ग्राम पंचायत स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विकासखंड सिमगा के ग्राम पौंसरी में शिक्षिका भारती वर्मा के द्वारा अपने शाला क्षेत्र अंतर्गत पालकों व सक्रिय माताओं के समूहों के बीच घर- घर जाकर अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए उनको जागरूक कर रही है। शिक्षिका भारती वर्मा ने बताया कि आमतौर पर लोकसभा चुनाव में अन्य चुनावों की अपेक्षा मतदान प्रतिशत कम रहा है लोग अनेक कारणवश मतदान के दिन मतदान केंद्रों तक वोट डालने के लिए नहीं पहुंचते हैं वे अपने एक वोट का महत्व नहीं समझ पाते हैं और मतदान प्रक्रिया से दूर हो जाते है। इस लोकसभा चुनाव में ऐसा न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए उन्हें मतदान प्रक्रिया में शामिल होकर लोकता्त्रिरक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जागरूक करने का अभियान चला रहे हैं। साथ ही युवा व नव मतदाताओं को जो पहली बार मतदान करेंगे उनको भी अनिवार्य रूप से इस मतदान प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाताओं को बिना लोभ व मोह के मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए जिले में अलग–अलग गतिविधियों का आयोजन सरकारी संस्थाओ, सचिवों, महिला समूहों, शिक्षकों, गैर सेवी संगठनों आदि के माध्यम से किया जा रहा है।



## मतदाता जागरुकता के तहत निबंध स्पर्धा में रेशमी प्रथम

सिमगा। लोकसभा निर्वाचन के तहत स्वीप योजना के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता मतदान का अधिकार विषय पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन बीआरसीसी एस आर पाटकर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता दो चरणों में हुआ प्रथम चरण पूर्व माध्यमिक विद्यार्थियों के लिए दूसरा चरण माध्यमिक विद्यालय बच्चों के लिए जिसमें पूर्व माध्यमिक स्तर पर प्रथम स्थान पर रेशमी साहू पूर्व माध्यमिक खंडवा, चंद्रानी गैडरे पूर्व माध्यमिक कन्या सिमगा, तृतीय स्थान पर हेमलता निषाद आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिमगा, माध्यमिक विद्यालय में प्रथम स्थान पर हर्ष देवांगन शासकीय उमा भी तुलसी, द्वितीय स्थान पर लिव्यांश देवांगन सेजेस सिमगा, तृतीय स्थान पर वीणा वर्मा शासकीय उमावि केसदा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में समन्वयक सत्यव्रत मिश्रा एवं राजकुमार धृतलहरे संतोष जोशी मोहन जांगड़े रेशम लाल वाडकर लोकेश ध्रुव आदि कार्यक्रम में शामिल हुए।



## व्यापमं की प्रवेश और पात्रता परीक्षा की तारीख बदली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न प्रवेश एवं पात्रता परीक्षाओं की परीक्षा तिथियों में संशोधन किया गया है। लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित होने के कारण प्रवेश एवं पात्रता परीक्षाओं की पूर्व निर्धारित परीक्षा तिथियों में संशोधन किया गया है।

■ लोकसभा चुनाव के कारण बदलाव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा जारी संशोधित तिथियों के अनुसार पीईटी-2024, प्री एमसीए-2024 एवं पीपीएचटी-2024 की परीक्षा 13 जून 2024 को होगी। पीएटी, पीव्हीपीटी, बीएससी (कृषि), बीएससी (उद्यानिकी), पशुपालन में डिप्लोमा और मतस्यिकी विज्ञान में डिप्लोमा, प्री बीए बीएड और प्री बीएससी बीएड की परीक्षा 16 जून 2024 को होगी। इसी प्रकार पीपीटी 2024, टीईटी-2024 पात्रता परीक्षा 23 जून 2024 को, प्री बीएड -2024 और प्री डीएलएड-2024 की परीक्षा 30 जून को तथा बीएससी नर्सिंग-2024, पोस्ट बेसिक नर्सिंग-2024 एवं एमएससी नर्सिंग-2024 की परीक्षा 7 जुलाई 2024 को आयोजित की जाएगी।

## वन क्षेत्रों को आग से बचाने करें विशेष उपाय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में वन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने सर्वप्रथम विभागीय कार्यों की सामान्य जानकारी लिए। इसी क्रम में वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन, नवीन जिला से संबंधित स्टाफ एवं आफिस की अद्यतन जानकारी, विभागीय योजनाओं की जानकारी, विभाग द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्य, पशुओं द्वारा क्षति पहुंचाए जाने पर दिया जाने वाला मुआवजा राशि, वन क्षेत्रों को आग से बचाने के लिए किए जाने वाले उपाय, हाथियों की संख्या एवं उनके गतिविधि की जानकारी ली।

■ कलेक्टर ने ली वन विभाग की समीक्षा बैठक

कलेक्टर ने वन्य जीवों की क्रासिंग, मानव–हाथी द्वंद, नर्सरी में पौधों के प्रकार एवं अन्य विभागीय जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान एवं सारंगढ़ और बिलाईगढ़ वन परिक्षेत्र के समस्त वन अधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी डा. डहरिया ने जांजगीर में भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक कविता प्राण लहरे के मार्गदर्शन में सैकड़ों कार्यकर्ता जांजगीर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया के नामांकन में शामिल हुए।

■ बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने बताया कि, बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कोने–कोने से आए कार्यकर्ता नामांकन के दौरान मौजूद रहे।

डॉ. शिव डहरिया जी के नामांकन कार्यक्रम में सभी जिला एवं ब्लॉक अध्यक्ष,सेक्टर ,पोलिंग बूथ प्रभारी आदि के अलावा हितेंद्र ठाकुर, अरुण मालाकार, निरंजन अग्रवाल, मानस पांडे, छत्रसाल साहू, कौशल साहू, सुधा चौहान, डॉक्टर शंकर नारंग, सुमित्र घृतलहरे, लता जाटवर, यादराम हिरवानी, योगेश शर्मा, शैलेन्द्र देवांगन, धनेश यादव, संतोष देवांगन, पुनिराम चौहान, वनांचल सोनाखान से युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान, गोपलाल पटेल, प्रेमशिला नायक, रामशंकर साहू ,बबलू खान, नलकुमार पटेल, अमरध्वज यादव, पुरुषोत्तम प्रधान, जान मोहम्मद खान, धनीराम नाग, रामकुमार नायक, संपत ठाकुर, अनिरुद्ध दीवान, मोहन कश्यप, भारत लाल भोई, प्रभुलाल पालेस्वर, सुखी राम गोंड, आदि हजारों कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे।



## पेज 09 के शेष

### बृजमोहन ने सिमगा ...

बल्कि हकीकत है मोदी की गारंटी अपने आप में गारंटियों की गारंटी है। श्री शर्मा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 19 दिन बाद भारत के भाग्य का फैसला करना है। रायपुर लोकसभा में इतिहास बनाना है तो आपके वोट के साथ ही आपको अपने घर परिवार और दोस्तों यारों को भी भाजपा को वोट देने के लिए प्रेरित करना है और बृजमोहन अग्रवाल को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाना है। उक्त अवसर पर अनिल पांडेय, सनम जांगडे, केजुराम बघेल, आनंद यादव, कृष्णा अवस्थी चंद्रमणि तिवारी, धीरज जैन, छोटू यादव, सूर्यकांत ताम्रकार, हेम सिंह चौहान, गोलू अवस्थी, खेमचंद वर्मा, नंदकुमार मांडले, मनोज चौबे, सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### महिलाओं को मिलेगा...

गायकवाड़, अभिषेक पांडे रवि जांगड़े झब्बू साहू गीता राम कुर्रे कौशल साहू द्वारका निर्मलकर संतोष साहू कारी बाई जोशी देवचरण जोशी कुंदन साहू कन्हैया साहू सुरेश रात्रे आदि उपस्थित थे।

### नई जज सविता ...

न्यायालयीन कार्य में सरल,सहज व सुलभ न्यायदान की कानूनी प्रक्रिया पर अपना–अपना अनुभव व्यक्त किया। स्वागत समारोह के मौके पर अभिभाषक संघ भटगांव के अध्यक्ष जे बंजारे ,सचिव डगेश्वर खटकर ,उपाध्यक्ष धनसिंह सिदार,पूर्व संरक्षक जे लहरे, पुष्पा गुप्ता, कन्हैया जांगड़े, जीवनलाल कुर्रे, एस एल भारद्वाज,विनोद बंजारे,एम एल चन्द्रा,यशपाल सिंह ,नरसिंह साहू,विजय शंकर साहू,सम्मेलाल रत्नाकर दिनेश बघेल,विजय देवांगन,बनवारी यादव सहित समस्त अधिवक्तगण एवं गीता प्रसाद कोशले सोभित वैष्णव, अवधेश भगत, अलका खुटे,बर्मन , कोर्ट मोहर्रिर चौरंगे आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रामनवमीं पर भगवान...

हुए हाथी थान चौक पहुंची। शोभायात्रा में घरों से भक्तजन शामिल होते गए। हाथी थान से जायसवाल मोहल्ला होते हुए कदम चौक यात्रा पहुंची, जहां आदित्य बन्धुओं द्वारा शीतल ठंडे जल की व्यवस्था की गई थी। वहां से होते हुए मौली माता चौक पहुंची, जहां पूरे वार्डवासी शामिल हुए । गुड्डी चौक होते हुए रंग मंदिर ब्राह्मण पर शोभायात्रा पहुंची। फिर राम मंदिर पहुंचकर शोभा यात्रा का समापन भगवान श्री राम की पूजा अर्चना के साथ हुआ। शोभायात्रा में युवा वर्ग सबसे आगे रहा। दो दिनों तक शोभायात्रा की तैयारी सेवा मित्र मंडल व बीपी जॉन के युवाओं द्वारा किया गया था, जिसमें पूरा ब्राह्मण पर के निवासियों ने अपना सहयोग दिया। शाम से देर रात तक चली शोभायात्रा के समापन के बाद प्रसाद स्वरूप भंडारे की व्यवस्था रखी गई जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### लोकसभा चुनाव में...

आवास योजना, नल जल योजना , उज्जवला गैस योजना, किसान सम्मान निधि योजना ,आयुष्मान कार्ड योजना आदि अनेक की गारंटी योजना क्रियान्वित किया। जिसका लाभ आम जनता को भरपूर मिला है। आने वाले समय में भाजपा की नरेन्द्र मोदी सरकार बनते ही अनेक ऐतिहासिक कार्य जनता व देशहित में करने को दृढ़ संकल्पित हैं।

**2024 के रायपुर लोकसभा चुनाव में 23 साल का रिकार्ड टूटेगा:** लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा रायपुर लोकसभा भाजपा का गढ़ है। यहां पर लगातार 8 बार से भाजपा के प्रत्याशी ही विजय होते आएं है। इस बार के लोकसभा प्रत्याशी के विजयी होने के साथ साथ पिछले 23 सालों के मतों के जीत के रिकार्ड को तोड़ते हुए रायपुर लोकसभावासी ऐतिहासिक जनमत देकर जीत का जनादेश देंगे, इसका मुझे पूर्ण विश्वास है।

## ऑटोमोबाइल इंटर्नशिप प्रमाणपत्र का छात्र-छात्राओं को किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंगोली में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के सभी बच्चों को विषय अंतर्गत इंटर्नशिप प्रमाण पत्र वितरण किया गया तथा शासन योजनॉतर्गत कक्षा 11 के छात्रों को 1300 तथा कक्षा 12 के छात्रों को 1500 रूपये व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत इंटर्नशिप कार्यक्रम में प्रत्येक आईटी और ऑटो के बच्चों की राशि ऑनलाइन प्रदान की गई। कार्यक्रम मे उपस्थित आई टी शिक्षक स्मृति शर्मा, प्रभारी प्राचार्य विजय ध्रुव, तोकसिंग वर्मा, हेमंत कश्यप ऑटोमोबाईल शिक्षक, गिरधर साहू, डोमन नायक पूर्व उपसरपंच, डोमार धुरंघर आदि उपस्थित थे।

